हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

08 बीएसपी में 2 साल बाद भी नहीं हुआ मान्यता...



09 गरबा के रंग में रंगा दुर्ग शहर, जबलपुर...



नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है।

खबर संक्षेप

ठेका कर्मी की बेहोश होने से मौत, होगी जांच

भिलाई। बुधवार की दोपहर एक ठेका कर्मी बीएसपी के जोरातराई गेट के निकट गिरकर बेहोश हो जाने से मौत हो गई। एफएसएनएल में सिक्योरिटी एजेंसी में में कार्यरत 33 वर्षीय चूड़ामणि सायकल से जाते समय एकाएक गिरने से बेहोश हो गया। ड्यूटी जाने वाले कर्मियों ने एंबूलेंस से उसे मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी में रखा गया है। ठेका मजदूर के शव को पंचनामा व पीएम के बाद शाम को परिजनों को सौंप दिया गया।

10 किलो कॉपर ट्यूब पार करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। बीएसपी से दस किलो का कॉपर ट्यूब पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि बाइक सीजी 07 एसएल 8761 में प्रवेश कर कोक ओवन जेटी एरिया में बैटरी नंबर 9-10 के पास से कॉपर ट्यूब पार कर आ रहे युवकों को चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। उनके पास से 10 किलोग्राम कॉपर ट्यूब के टुकड़े जब्त किया।आरोपी मकान नंबर 12/23, गांधी चौक, उतई हेमराज उर्फ गोलू साहू को पकड़ा गया। सामान की कीमत 12,780 रुपए आंकी गई है। बाइक समेत सामान को पुलिस ने जब्त किया है।

शनिचरी बाजार अब वन-वे, कैमरों से रखी जाएगी संदिग्धों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

त्योहारों के मद्देनजर जिले की पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई है। सभी प्रमुख बाजारों पर सर्चिंग बढ़ा दी गई है। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने स्वयं फील्ड पर उतरकर बाजारों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था के साथ सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही शनिचरी बाजार के पास पुलिस बल की तैनाती और मार्ग को वन-वे करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक कर समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही सहयोग के रूप में सभी दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने और संदिग्धों की निगरानी करने की अपील की। इसके साथ ही व्हाइट पार्किंग के अंदर से वाहनों को खड़े रखने कहा। सराफा व्यवसायियों के साथ बैठक में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों द्वारा की जा रही धोखाधड़ी तथा दुर्ग, पाटन एवं आसपास के क्षेत्रों में सामने आए मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में एएसपी शोभराज अग्रवाल, नगर पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली एवं सराफा संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांखला सहित 50 से अधिक व्यापारी शामिल हुए।

त्योहारी सीजन में पुलिस हाई अलर्ट पर, एसएसपी विजय अग्रवाल ने फील्ड पर उतरकर की सर्चिंग

बाजारों की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए शुरू की गई कवायद

आगामी त्योहारों के दौरान सराफा बाजार में बढ़ने वाली भीड़, व्यापारिक गतिविधियों एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बाजार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान यातायात सुचारू रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बाजारों में लगातार बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिए गए। इस दौरान व्यापारियों और आम लोगों से अपील की गई, कि बनाए गए नियमों का पालन करें, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।



निजी सुरक्षा गार्ड की तैनाती की सलाह

दुर्ग पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सराफा बाजार में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सराफा व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं, अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों द्वारा कथित धोखाधड़ी तथा दुर्ग, पाटन एवं आसपास के क्षेत्रों में सराफा कारोबारियों के साथ सामने आए धोखाधड़ी के मामलों पर चर्चा की गई। एसएसपी ने बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए शनिचरी बाजार में वन-वे व्यवस्था, निर्धारित स्थलों पर वाहनों को पार्किंग तथा पार्किंग स्थलों में व्हाइट मार्किंग का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सराफा प्रतिष्ठानों एवं बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को चालू एवं दुरुस्त रखने तथा सुरक्षा की दृष्टि से निजी सुरक्षा गार्ड तैनात करने की सलाह दी गई।

तिमाही रिजल्ट : 55% से कम अंक वाले 12 वीं में 41 और 10 वीं में 79 सरकारी स्कूल

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट घोषित हुआ है। रिजल्ट में बारहवीं में 55 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले 41 स्कूल और दसवीं में 79 स्कूल हैं। हैरत की बात यह है कि दसवी में तीन स्कूल के रिजल्ट जीरो आए हैं। इन स्कूलों में एक भी विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हुए हैं। धमधा के दो स्कूल बारहवीं में और आगेसरा स्कूल में कोई भी विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो सका। देवरी स्कूल का दसवीं का रिजल्ट भी बेहद कमजोर आया है। यहां केवल 12 प्रतिशत परिणाम रहा। कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों पर जिला शिक्षा विभाग ने समीक्षा भी शुरू कर दी है।

दसवीं में आगेसरा स्कूल का शून्य, देवरी में महज 12 प्रतिशत परिणाम

इनका रिजल्ट 100%

दसवी और बारहवीं के कुल 10 स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत यानी 100 प्रतिशत रहा है। जिसमें दसवीं में सबसे ज्यादा 7 और बारहवीं में 3 स्कूल शामिल हैं। बारहवीं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करेली, न्यू पुलिस लाइन दुर्ग और रामनगर मुक्तिधाम शामिल हैं। दसवीं में शास. उच्चतर माध्यमिक शाला रामनगर मुक्तिधाम, सेक्टर 6 भिलाई, पाउवारा , स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेल्हारी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भिलाई तीन,आमपेंड्री का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।



10वीं के इन स्कूलों का परिणाम खराब

स्कूल	प्रतिशत	स्कूल	प्रतिशत
अरमरीखुर्द	शून्य	पेंड्री क	33
गोडपेंड्री	22	लिटिया	37
सेजेस कुगदा	30	पेंड्रावन	39
बठेना	36	धमधा गर्ल्स	39
खुड़मुड़ी	37	दारगांव	40
जमराव-	43	दुर्ग उरला	32
मनसुली क	43	कोसानगर	34
केसरा	43	जुनवानी	35
देवरी धमधा	12	जीटी दुर्ग	41
डूमर	30	करंजा भिलाई	42
बिरेझर	32	उमरपोटी-	43
		बघेरा	43

बारहवीं के फिसड्डी स्कूल

स्कूल	प्रतिशत	स्कूल	प्रतिशत
सेजेस तमेरपारा	0	सेजेस गर्ल्स धमधा	45
धमधा	0	कोसानगर	42
लिमतरा-	39	रसमड़ा	46
सेजेस अहिवारा	40	सेजेस कुगदा	40
घोटवानी	40	सेजेस चरोदा	50

समीक्षा कर बनेगी कार्ययोजना

दसवी बारहवीं तिमाही परीक्षा के रिजल्ट की समीक्षा हमने शुरू कर दी है। तीनों ब्लॉक की समीक्षा के बाद कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। ताकि बेहतर रिजल्ट आए। **-जगजीत सिंह धीर,** डीईओ दुर्ग जिला

दसवीं में जिले के तीनों ब्लॉक की स्थिति

दुर्ग ब्लॉक परिणाम 58 प्रतिशत

दुर्ग ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 58 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 78 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 5172 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 961, द्वितीय श्रेणी में 1157 और तृतीय श्रेणी में 794 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 2912 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

धमधा ब्लॉक का परिणाम 57 प्रतिशत

धमधा ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 57 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 51 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 2705 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 418, द्वितीय श्रेणी में 656 और तृतीय श्रेणी में 444 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 1518 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

पाटन ब्लॉक का परिणाम 59 प्रतिशत

पाटन ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 59 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत कुल 59 स्कूल हैं। इन स्कूलों में 2788 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसमें प्रथम श्रेणी में 593, द्वितीय श्रेणी में 644 और तृतीय श्रेणी में 412विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस ब्लॉक के 1649 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

बारहवीं में तीनों ब्लॉक के परिणाम

दुर्ग ब्लॉक का परिणाम 63 प्रतिशत

बारहवीं दुर्ग ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 63 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 17 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 4336 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 4265 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 802, द्वितीय श्रेणी में 1264 और तृतीय श्रेणी में 582 विद्यार्थी आए हैं। कुल 2648 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

धमधा ब्लॉक का परिणाम 61 प्रतिशत

बारहवीं पाटन ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 68 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 10 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 2089 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 2069 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 360, द्वितीय श्रेणी में 588 और तृतीय श्रेणी में 237 विद्यार्थी आए हैं। कुल 1185 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

पाटन ब्लॉक का परिणाम 68 प्रतिशत

बारहवीं धमधा ब्लॉक की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट 68 प्रतिशत आया है। इस ब्लॉक के अंतर्गत 4 स्कूल का रिजल्ट 55 प्रतिशत से नीचे रहा है। इस ब्लॉक में कुल 2166 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिसमें से 2143 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम श्रेणी में 519, द्वितीय श्रेणी में 629 और तृतीय श्रेणी में 317 विद्यार्थी आए हैं। कुल 1465 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

नगपुरा स्कूल का टाइम टेबल बदला, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगपुरा स्थित सेजेस स्कूल में बुधवार को स्कूल के समय में बदलाव को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रबंधन के फैसले पर नाराजगी जताई और प्रिंसिपल के ऑफिस के बाहर नारेबाजी की। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल का समय उनकी सहमति के बिना बदल दिया गया है। वहीं बॉयज टॉयलेट की खराब स्थिति और वहां तक जाने वाले रास्ते को लेकर भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने स्कूल में बॉयज टॉयलेट की स्थिति और वहां तक पहुंचने वाले रास्ते को लेकर भी सवाल उठाए। विद्यार्थियों की मांग है कि स्कूल में जरूरी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए।

नगपुरा हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल ने टाइम टेबल बदला है। इसलिए विद्यार्थियों की नाराजगी है। बदला ऐसा किया गया है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं दूसरी शिफ्ट में और प्राइमरी व मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षाएं पहली शिफ्ट में लगाई जा रही है। विद्यार्थी इस फैसले से सहमत नहीं हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि कई छात्र सुबह कोचिंग जाते हैं, ऐसे में स्कूल का समय बदलने से उनकी ट्यूशन की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रिंसिपल बिना कमेटी की समहमि लिए समय में बदलाव नहीं कर सकती हैं।

■ डीईओ के आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत

जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर ने कहा कि छात्रों को समझा लिया गया है। प्रिंसिपल को भी समय न बदलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आगे विभागीय जांच और कार्यवाही की जा रही है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला ने बताया कि विद्यार्थी स्कूल का टाइम टेबल बदलने की व्यवस्था से असहमत हैं। नई समय सारिणी को लेकर उनकी नाराजगी बढ़ी, जिसके बाद वे धरने पर बैठ गए। स्कूल प्रबंधन की ओर से यह बदलाव शैक्षणिक परिणाम बेहतर करने के उद्देश्य से किया गया है।

कमीशन के लालच में बैंक खाता देने वाले 7 गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन के लालच में बैंक खाते को किराए में चलाने वाले सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि फेडरल बैंक उत्कर्ष बैंक से जुड़े दो, खुर्सीपार के इंडियन बैंक के 5 खाताधारकों पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों में सुभाष नगर, नंदिनी रोड, छावनी निवासी शुभम चौधरी, कृपाल नगर, कोहका गुरमीत कौर, क्वार्टर नंबर 4-ए, सड़क नंबर 8, जोन-1, खुर्सीपार तरुण नायक, एसटीएफ कॉलोनी, बघेरा निखिल नेताम, शिवाजी नगर, खुर्सीपार यसमीत सिंह, शंकर नगर सद्भावना चौक दुर्ग गौरव साहू, मछली मार्केट जोन-2, खुर्सीपार नरगिस को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन समेत अन्य दस्तावेज जब्त किया है।



हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्ग। हत्या के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। घटना 29 दिसंबर 2024 की राज करीब साढ़े बजे की है। मामले में चैतन साहू की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। सुपेला पुलिस ने मामले में रोशनी उर्फ रोशलीन लकड़ा, कुलेश्वर साहू और आकाश देशलहरा को आरोपी बनाया था। शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक संजय शुक्ल ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपियों ने चैतन साहू के साथ मारपीट की गई थी। घटना में बल एवं हिंसा का प्रयोग किया गया। पुलिस ने आरोपी रोशनी उर्फ रोशलीन लकड़ा, उम्र 19 वर्ष निवासी चांदनी चौक अंबिकापुर, कुलेश्वर साहू, उम्र 19 वर्ष कसारीडीह, आकाश देशलहरा उम्र 19 वर्ष, कसारीडीह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपियों को धारा 191(2) बीएनएस में 2 वर्ष की सजा और 500 अर्थदंड, धारा 191(3) में 3 वर्ष की सजा 500 अर्थदंड, धारा 103(1)/190 में आजीवन कारावास व 500 रुपए अर्थदंड, धारा 61(2) बीएनएस में आजीवन कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड, धारा 118(1) में 3 वर्ष का कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।







दशहरा- दिवाली त्योहार में ग्राहकों को होती है परेशानी

आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में हटेंगे अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की दिशा में पहल की जा रही है। बुधवार को सुपेला स्थित आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से कब्जा किए गए बरामदों की निगम की टीम ने मार्किंग की। निगम प्रशासन द्वारा व्यावसायिक परिसर के सार्वजनिक उपयोग के बरामदों को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में यह कार्रवाई की गई है।

■ लोगों को खरीदी में होती है परेशानी

आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर सुपेला शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक खरीदारी एवं अन्य कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर में दुकानों के सामने बने बरामदों का उपयोग आम नागरिकों एवं ग्राहकों के आवागमन के लिए किया जाता है। इन बरामदों में अवैध रूप से कब्जा होने से लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है तथा व्यावसायिक परिसर की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। निगम आयुक्त के आदेश पर निगम अमले द्वारा आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा किए गए बरामदों को चिह्नित करते हुए मार्किंग की गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराना तथा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है।



बरामदे में किए गए कब्जे चिह्नित

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में व्यवस्थित आवागमन, स्वच्छता तथा सार्वजनिक स्थानों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में बरामदों पर किए गए अवैध कब्जों को चिह्नित किया गया है, ताकि आगे नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए बरामदों पर अवैध कब्जे से आम नागरिकों को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए यह पहल की गई है। निगम द्वारा व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों पर अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

निगम ने जर्जर प्याऊ भवन को किया ध्वस्त

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्ड क्रमांक 38 स्थित आर.एस.एस. मार्केट के समीप जर्जर प्याऊ भवन को ध्वस्त कर हटाने की कार्रवाई की। भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा जनहानि की आशंका को रोकने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया। नगर निगम क्षेत्र में पुराने एवं जर्जर भवनों के कारण आम नागरिकों तथा राहगीरों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा आर.एस.एस. मार्केट के समीप स्थित जर्जर प्याऊ भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। भवन की स्थिति ऐसी थी कि उसके क्षतिग्रस्त हिस्सों के गिरने से आसपास से गुजरने वाले नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों को नुकसान पहुंचने की संभावना थी।



दुर्ग पॉलिटेक्निक कॉलेज का 8.86 करोड़ रुपए से होगा उन्नयन, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग का 886.51 लाख की राशि से उन्नयन होगा। इस स्वीकृत राशि से होने वाले विभिन्न विकास एवं उन्नयन कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को शिक्षा मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया।

इन कार्यों से कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। दुर्ग का उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एक पुराना एवं महत्वपूर्ण तकनीकी शिक्षण संस्थान है, जहाँ दुर्ग जिले सहित संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लंबे समय से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा यह संस्थान युवाओं को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में कॉलेज की अधोसंरचना का विकास विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन, संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से तकनीकी शिक्षा लेने आते हैं



केबिनेट मंत्री की पहल से ये कार्य होंगे

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत ऑफिस ब्लॉक का रिनोवेशन, कॉलेज परिसर में सीसी रोड निर्माण, टॉयलेट निर्माण, सिविल विंग का विस्तार, निकासी नाली एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से कॉलेज परिसर में सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों और कॉलेज प्रबंधन को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और कौशल आधारित प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है।

शिक्षा और तकनीकी कौशल से संवरेगा युवाओं का भविष्य : गजेंद्र

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा और तकनीकी कौशल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। हमारा प्रयास है कि दुर्ग के शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएँ। तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, कांशीराम कोसरे, ईई ए.के. भट्टाचार्य, कॉलेज के प्राचार्य, स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



मंडल कांग्रेस की हुई बैठक

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अंतर्गत आने वाले चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक राजीव भवन दुर्ग में मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण पर रणनीति बनाई गई। बैठक की शुरुआत में मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और पिछले माह की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में वार्ड चलो अभियान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए आने वाले दिनों में मंडल के द्वारा वार्ड चलो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर वार्ड और बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जाएगा और नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। स्थानीय जनहित की समस्याओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और महंगाई के मुद्दों को लेकर जन-आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर बूथ स्तर पर जाकर आम जनता को जागरूक करने और घर-घर तक सच्चाई पहुंचाने का निर्णय लिया गया। अलताफ अहमद ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूत है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस संगठन अपनी ताकत दिखाएगा। बैठक में चंडी मंदिर मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, प्रकाश शिवणकर, गणेश सोनी, सुमित घोष, भूपेंद्र सेन, अलख नवरंग, बिंदु राजपूत, नरेंद्र सोनकर, नीता कश्यप, ईश्वर साहू, हितेश सेन आदि उपस्थित थे।

निधन

अजित सिंह भाटिया



राजनांदगांव। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लाल बाग राजनांदगांव निवासी अजित सिंह भाटिया का निधन 14 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे राजनांदगांव स्थित लखोली मुक्तिधाम किया जाएगा। वे सरदार जरनैल सिंह एवं सरदार चरणजीत सिंह भाटिया के पिता थे।

इत्तिला नामा

मोहतरम शाकिर अली सा.

(1) साकिन रेल्वे कालोनी रावण भाठा मंदिर के पास चरोदा जिला दुर्ग (छ.ग.)

अस्सलामो अलैकुम ।

आप के अहलिया हसीना बिन्त मोहम्मद शफुद्दीन सा.

(2) साकिन कृपाल नगर सिरसा रोड़ कोहका भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

ने दारूल कज़ा मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथ पारा रायपुर (छ.ग.) में अपने कुछ घरेलु मामलात रखें हैं। जिस पर आप को कौसिलिंग के लिये इत्तेला नामा 25/08/2026 को, और फिर दूसरी बार 13/09/2026 को तीसरा इत्तेला नामा 25/09/2026, को दिया गया। जिस पर आज 29/09/2026 तक आपका कोई जवाब नहीं आया। और अब चौथा और आखिरी इत्तेला नामा अख्बार के जरिये दिया जा रहा है।

लेहाजा आप 15 दिन के अन्दर आकर मामला हल कर लें ताकि किसी भी फरीक की हक तलफी न हो। और आपसी बैठक से मामला हल हो जाये। वर्ना 15 दिन के बाद यक तरफा फैसला कर दिया जायेगा।

फकद दुआगो
कारी इमरान अशरफी
काजिए शहर
मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन व दारूल यतामा
रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 7869247628

कर्मचारियों की वेलफेयर, ग्रेच्युटी, कैंटीन सहित कई समस्याएं हैं लंबित

बीएसपी में 2 साल बाद भी नहीं हुआ मान्यता यूनियन चुनाव, बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इंटक के बाद अब सीटू ने डायरेक्टर इंचार्ज को सौंपा ज्ञापन, जल्द गुप्त मतदान की प्रक्रिया करें शुरु



भिलाई इस्पात संयंत्र में दो साल बाद भी मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मियों और प्लांट के अंदर की लंबित समस्याओं का पूर्ण रुप से समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मामले में प्रबंधन पर यूनियनों ने प्रबंधन पर जल्द चुनाव कराने के लिए दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। इंटक के बाद अब सीटू ने भी फिर से प्रबंधन को ज्ञापन देकर जल्द यूनियन चुनाव कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन का हर दो साल में चुनाव होता है। प्रतिनिधि यूनियन का कार्यकाल समाप्त हुए दो साल बीत चुके हैं। शून्य प्रतिनिधित्व होने से यूनियने लंबित मांगों लेकर प्रबंधन पर निदान के लिए दबाव नहीं बना पा रही है। अब सीटू के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधक औद्योगिक संबंध विभाग से मिलकर बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज के नाम पर पत्र देकर चुनाव के लिए जल्द गुप्त मतदान की प्रक्रिया शुरु करने पर जोर दिया है। 2 साल पूर्व मान्यता समाप्त होते ही सीटू द्वारा 24 सितंबर 2024 को प्रबंधन को पत्र देकर गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जाँच हेतु प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी । यूनियन ने बताया कि 4 दिसंबर 2024, 11 जनवरी 2025, 5.5.2025 को महाप्रबंधक (औ.सं.) के साथ इस विषय पर फॉलो-अप बैठकें भी हुईं । इसके बाद फिर 29 सितंबर .2025 को कार्यपालक निदेशक को पत्र प्रेषित किया गया। हर बैठक में औद्योगिक सम्बन्ध विभाग द्वारा जल्द से जल्द चुनाव कराने का आश्वासन देता है । चुनाव नहीं होने से कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व शून्य है।यह कर्मचारियों के लोकतांत्रिक एवं वैधानिक अधिकारों पर हमला है।

प्रबंधन व यूनियन के बीच नही है प्रभावी संवाद

गुप्त मतदान ही कर्मियों की वास्तविक भावना को सामने लाने का सबसे पारदर्शी व विश्वसनीय माध्यम है। सीटू के महासचिव टी जोगा राव ने बताया कि मान्यता प्राप्त यूनियन ही प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच संवाद का मुख्य सेतु होती है। मान्यता न होने से सुरक्षा समिति, वेलफेयर समिति, कैंटीन मैनेजिंग समिति ,सेवा सहित क्वार्टर, ग्रेच्युटी व कर्मियों के अन्य सभी समस्याओं के निराकरण के लिए द्विपक्षीय चर्चा के फोरम निष्क्रिय पड़े हैं। इससे कर्मचारियों में असंतोष व भ्रम की स्थिति बनी रहती है और औद्योगिक शांति पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

पहले सौंप चुके हैं संबंधित दस्तावेज

गौर तलब हो कि 16 जून को प्रबंधन के यूनियनों को सूचित किया था कि गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच करने के संदर्भ में यूनियनों से सहमति पत्र के साथ अन्य आवश्यक संलग्नक एवं दस्तावेज जमा करने के संदर्भ में आवश्यक पत्र जारी किया गया है। इन दस्तावेजों को प्रबंधन द्वारा प्राप्त पत्र के 15 दिन के भीतर जमा करना था इस संदर्भ में सीटू ने 17 जून 2025 को ही यूनियन सहमति पत्र, विधान की प्रतिलिपियां वार्षिक विवरण की प्रतिलिपियां एवं यूनियन का पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को औद्योगिक संबंध विभाग प्रबंधन को सौप दिया था। इसके पूर्व इंटक भी चुनाव करवाने की मांग कर चुकी है।

बिजली कटौती को लेकर कलेक्टर से मिला एंसिलरी एसोसीएशन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई के उद्योगों में अघोषित बिजली कटौती के कारण हो रहे नुकसान को लेकर बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला। उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इस अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किए जाने की मांग की।

■ बिजली कटौती से राहत देने की मांग की

अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल की बातों को कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिजली कटौती का एक शेड्यूल दे दिया जाएगा ताकि आप सभी को इसकी पूर्व में ही जानकारी हो सके। अध्यक्ष दासगुप्ता ने बताया कि भिलाई के उद्योगों में पिछले कुछ दिनों से लगातार 12 से 14 घंटे तक की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। इसके कारण यहां के उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योगों के फर्नेस में माल चोक हो जा रहा है जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है। सामने त्यौहार का सीजन है, दीपावली सामने है, ऐसे में हमें मजदूरों को बोनस भी देना है। प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तत्काल बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत की तथा समस्या के तत्काल निराकरण का निर्देश दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा पश्चात कलेक्टर ने बताया कि उद्योगों में बिजली कटौती का एक शेड्यूल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा ताकि सभी को इसकी जानकारी हो सके और वे उस हिसाब से अपना प्रोडक्शन कर सकें। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में उद्योगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, नीलाद्री शाह और वरिष्ठ उद्योगपति संदीप अग्रवाल शामिल थे।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे और जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की उपस्थिति में एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ जनांदोलन के दूसरे चरण में ग्रामीण कांग्रेस के बैनरतले धमधा और अहिवारा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। सैंकड़ो की संख्या में सड़कों पर उतरे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, उन्हें गिरफ्तार करने और पद से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त लोकतंत्र की सरेआम बलि दे रहे हैं।

धमधा में आयोजित मुख्य विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे एवं जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नमन कर निकाली गई विशाल पदयात्रा में कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। एसडीएम कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। रवींद्र चौबे ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली सबसे गहरे संकट में है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पूरी तरह से निरंकुश मोदी सरकार के औजार और कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। राकेश ठाकुर खुद बुलेट चलाते हुए विशाल बाइक रैली की अगुवाई करने उतरे। वार्ड 1 संतोषी चौक से शुरू हुई यह आक्रोश रैली पूरे शहर में गूंजती हुई तहसील कार्यालय पहुंची, जहां भाजपाइयों और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान राजीव गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, जीवन निर्मलकर, जालम पटेल, अरुण साहू, मधुसूदन राणा, धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र वर्मा, हिम्मत ढीमर,अघनु पाल, रजत नायक ,जवाला साहू, देवेंद्र चंदेल, परमेश्वर यादव, विजय ढीमर, केबिलाल वर्मा, राज पटेल, आकाश द्विवेदी, हीरा वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना आदि मौजूद थे।

बाबा दरबार धनोरा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 191 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई हैं। यहाँ कुंवार एवं चैत्र दोनों नवरात्रों में दूर-दूर से भक्त मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। इस बार दरबार में इंग्लैंड, अमेरिका सहित देश के विभिन्न राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा रायपुर, धमतरी, दुर्ग, बालोद, खैरागढ़ व भिलाई से आए भक्तों ने ज्योति प्रज्वलित करवाई है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि गुरुवार को पंचमी तथा सुबह 9 बजे अष्टमी का हवन होगा। शाम 4 बजे ज्योति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन रात्रि में भजन गायक गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की मंडली द्वारा माता सेवा की प्रस्तुति दी जा रही है तथा सुबह-शाम आरती के बाद प्रसाद वितरण होता है। लक्ष्मण बाबा ने आगे बताया कि सोमवार रात्रि 9 बजे से हरसिद्धि दुर्गा समिति महावीर उद्यान में तृषा साहू (रायपुर) की भजन मंडली द्वारा जगराते का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, गुमान साहू, चेतन साहू, एम. लाल देवांगन, ललित साहू आदि उपस्थित थे।



संगठन को सशक्त करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई भाजपा रिसाली मंडल की बैठक

भारतीय जनता पार्टी रिसाली मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक रिसाली स्थित वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं और आगामी नगर पालिक निगम रिसाली चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाना है। आज रिसाली मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रहा है। रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार ने कहा कि आत्मनिर्भर मंडल का अर्थ है आत्मनिर्भर संगठन, आत्मनिर्भर कार्यकर्ता और आत्मनिर्भर बूथ। सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को सक्रिय होकर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। आगामी निगम चुनाव हमारा लक्ष्य है और इसके लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय होना होगा।

इस अवसर पर राजीव पांडे, शैलेंद्र शेंडे, शैलेंद्र साहू, दशरथ साहू, सचिन गोस्वामी, शकुंतला दास, संतोष चौधरी, सीमा साहू, रमा साहू, माया यादव, सारिका साहू, शीला नारखेड़े, सविता धवस, खिलेश्वरी ढालेंद्र, डॉ. संस्कृति वर्मा, अर्चना हिरवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आईएमएफ की रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष के दावों पर करारा तमाचा : विजय साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के पूर्व सदस्य विजय साहू ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत बताया है।

विजय साहू ने कहा कि आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष द्वारा भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर किए जा रहे नकारात्मक दावों पर करारा तमाचा है। जब दुनिया की प्रतिष्ठित आर्थिक संस्थाएं भारत की विकास संभावनाओं को लेकर अपना अनुमान बढ़ा रही हैं, तब कांग्रेस और विपक्ष को भी अपने आरोपों की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की अनुमानित विकास दर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दी है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने भी विकास दर का अनुमान 7.1 प्रतिशत किया है। आईएमएफ ने मजबूत घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों और आर्थिक सुधारों को भारत की विकास संभावनाओं के प्रमुख आधारों में शामिल किया है। साहू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेताओं की परेशानी यह है कि वे देश की अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ा देती हैं। अब शायद कांग्रेस की अगली प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल सरकार से नहीं, बल्कि आईएमएफ से होगा कि आखिर आपको भारत की तरक्की दिखाई कैसे दे रही है? उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है, लेकिन सवाल तथ्यों और ठोस आंकड़ों पर आधारित होने चाहिए।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

सिटी इवेंट

सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ किए गए जनहित के कार्य



दुर्ग। लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ 1 से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। समापन समारोह रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा के साथ संपन्न हुआ।

सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस 1 अक्टूबर का विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात नवजात शिशु वार्ड में पहुंचकर नवजात शिशुओं के परिवारों को 50 किट वितरित किए गए तथा शिशुओं के स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इन किटों की सौजन्यता लायन सतीश सुराना द्वारा प्रदान की गई। द्वितीय दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तृतीय दिवस पर ग्राम चंदखुरी स्थित राजीव लोचन आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 15 चिकित्सकों का शॉल, श्रीफल और सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इसी अवसर पर जोन चेयरपर्सन लायन आकांक्षा मिश्रा की आधिकारिक यात्रा भी संपन्न हुई। चतुर्थ दिवस पर ग्राम पोटिया कला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पंचम दिवस पर क्लब के सदस्यों ने बालोद रोड स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों के प्रति संवेदना और सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं। षष्ठम दिवस पर जुनवानी स्थित अजीज स्कूल में डॉ. रौनक जमाल द्वारा नैतिक शिक्षा विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अच्छे आचरण एवं जीवन में अनुशासन के महत्व से अवगत कराया गया। सप्तम दिवस पर महिला महाविद्यालय, सेक्टर-9 में महिला सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति धनकर ने महाविद्यालय की छात्राओं के साथ महिलाओं के सम्मान, अधिकारों, आत्मविश्वास एवं उनकी शक्ति से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। अष्टम दिवस पर वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खालसा कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता मिनी राज ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन अंजना विनायक ने लायंस के मिशन एवं विजन के अनुरूप सेवा गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पूरे सेवा सप्ताह का सफल संयोजन महमूद अली हिरानी द्वारा किया गया। कार्यक्रमों में क्लब अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव स्नेहलता साहू एवं कोषाध्यक्ष विनोद परमार की सक्रिय सहभागिता रही।

सिटी लाइव

पारम्पारिक वेशभूषा में स्कूली बच्चों ने गरबा की दी शानदार प्रस्तुति



दुर्ग। महर्षि दयानन्द आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गयानगर के स्वामी विरजानन्द समाभवन में नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गरबा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं भारतीय और पारम्पारिक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल ने कहा कि नवरात्रि का यह नौ दिनों का पावन पर्व हर हिन्दू के लिए देवी मां दुर्गा के प्रति अनन्य आस्था श्रद्धा तथा भक्ति का पर्व है। हमारे विद्यालय में भी इस उपलक्ष्य में गरबा नृत्य मंचन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। यह पर्व देवी की शक्ति आराधना, जीवन उत्सव और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है। यह मानव जीवन और विकास का प्रतीक है। समिति के उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे पर्व हमारे पूर्वजों ऋषि मुनियों की एक ऊंची सोच और संस्कृति का प्रतीक है। सचिव संतोष शर्मा ने कहा कि नवदुर्गा के नौ शक्तियों का यह पावन पर्व प्रत्येक व्यक्ति के मन मस्तिष्क में हर्ष उल्लास का संचार करता है। कोषाध्यक्ष सुजीत खरे ने कहा कि ऐसे पर्व सबके तन-मन को स्वस्थ करके आस्था और पवित्र विचार प्रदान करते है। विद्यालय के प्राचार्या बी सांई शीतल ने इस पारम्पारिक व संस्कृति कार्यक्रम के लिए सबको प्रेरित कर उत्साह बढाया तथा बच्चो का मार्गदर्शन किया।

परमेश्वरी मंदिर में झूमे श्रद्धालु, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का दिया संदेश



भिलाई। नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना के साथ भक्ति और उत्साह का रंग रिसाली के प्रगति नगर स्थित परमेश्वरी मंदिर में देखने को मिला। मंदिर परिसर में गरबा-डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के 150 से 200 श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने गरबा की प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ आपसी प्रेम, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन आराध्य दुर्गा जन कल्याण समिति रिसाली ने किया। माता की संध्या आरती के बाद परमेश्वरी सेवा एवं भजन मंडली ने जसगीत प्रस्तुत किए।

● आईएनएच व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी हुए शामिल, शिक्षाविद संजय रुंगटा ने भी की शिरकत

गरबा के रंग में रंगा दुर्ग शहर, जबलपुर के लाइव बैंड पार्टी ने थिरकने को किया मजबूर, पांच हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

दुर्ग। दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा हॉकी ग्राउंड सिविल लाइन में दो दिवसीय रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को गरबा का आगाज हुआ। आयोजन में आईएनएच और हरिभूमि के **प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी**, उनकी पत्नी पूजा द्विवेदी, शिक्षाविद और रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन संजय रुंगटा, उद्योगपति कैलाश रुंगटा, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. द्विवेदी ने कहा कि आयोजन काफी बढ़िया है। पहली बार उन्हें दुर्ग में गरबा में शामिल होने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए इस आयोजन को पूरे नौ दिन होना चाहिए। महज दो दिन का आयोजन काफी कम समय है। उन्होंने अगली बार और भी बढ़ा आयोजन किए जाने को लेकर धीरज बाकलीवाल को बधाई दी।











शारदीय नवरात्रि पर हॉकी ग्राउंड में गरबा प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। लोग पारंपरिक परिधान में गरबा-डांडिया खेलते नजर आए। एंट्री फ्री होने की वजह से शहर के लगभग सभी हिस्सों से लोग आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। रंग बिरंगी रोशनी से सजे पंडाल में राजस्थानी, गुजराती और रि-मिक्स गीतों पर लोगों ने डांडिया खेला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गरबा को लेकर काफी उत्साह दिखा। डांडियों की खनक और माता रानी के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शहर के कई वार्डों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग गरबा देखने पहुंचे। राजस्थानी और गुजराती गीतों की धुन बजती है, लोग थिरकने लगते हैं। पारंपरिक अंदाज में डांडिया खेलते युवक-युवतियां आयोजन की रौनक बढ़ाई। समिति द्वारा गरबा का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। 15 अक्टूबर को गरबा का समापन होना है। आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से शामिल होंगे। दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा भव्य रास गरबा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि इस उत्सव में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। आयोजन के दौरान लगभग 10 हजार लोगों की सहभागिता रहती है। विगत तीन वर्षों से इस गरबा उत्सव का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शहरवासियों को एक मंच पर लाने के साथ ही दुर्ग की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को उत्साहपूर्वक मनाने का अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष गरबा उत्सव में जबलपुर से आने वाला लाइव बैंड मुख्य आकर्षण है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के अनेक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी दर्शकों को आकर्षित किया। गरबा प्रेमियों के लिए निःशुल्क पास की व्यवस्था रखी गई है, ताकि अधिक से अधिक शहरवासी इस उत्सव में शामिल होकर गरबा का आनंद ले सकें। समिति द्वारा आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां की गई है। संगीत, गरबा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। दुर्ग नवनिर्माण समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में पार्षद सरिता चंद्राकर, मनीषा सोनी, संजय अग्रवाल, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

चैतन्य देवियों की झांकी आज से, लाइट एंड साउंड के साथ नौ देवियों के होंगे दर्शन

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शरदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन प्रांगण में गुरुवार यानी आज से नौ देवियों की लाईट एंड साउंड से सुसज्जित भव्य आलौकिक चैतन्य झांकी सजायी जा रही है। जिसमें पहाड़ों, गुफाओं और धरती के गर्भ से प्रकट होती चैतन्य देवियां जड़ मूर्ति के रूप में प्रत्यक्ष होंगी। जिसका भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों के दर्शनलाभ कर सकेंगे। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने इस नवरात्रि पर विशेष श्रेष्ठ परिवर्तन के संकल्प के साथ मनाने का आह्वान किया है। यह चैतन्य देवी झांकी अपनी अनूठी प्रस्तुति और शिव शक्तियों द्वारा जीवन में सकारात्मकता के प्रबुद्धाव के लिए जानी जाती है, जहां ब्रह्माकुमारी बहनें स्वयं चैतन्य देवियों का रूप धारण करती हैं। गहन तपस्या और राजयोग की सतत साधना के कारण वे जड़ मूर्तियों के समान अचल और अडोल दिखती हैं। श्रद्धालु इन चैतन्य देवियों के दर्शन से शांति और दिव्यता का अनुभव करते हैं।



इस आध्यात्मिक वातावरण में कुछ पल बिताने से लोगों को एक अलौकिक दिव्य अनुभूति होती है। भिलाई ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी को प्रयागराज महाकुंभ, उज्जैन सिंहस्थ कुंभ और कोटा में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया जा चुका है, जहां देश-विदेश से आए अनगिनत श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन लाभ लेकर आयोजन की सराहना की है। इस अवसर पर 10 दिवसीय अपनी शक्तियों से करें मुलाकात राजयोग शिविर f22 अक्टूबर से सुबह 7 से 8, शाम 5.30 से 6.30 और शाम 7.30 से 8.30 तक रहेगा। जिसमें किसी भी एक समय शिविर का लाभ ले सकते है।

खेलगांव खम्हरिया में आज डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट अंडर-14 व 16 का ट्रायल, खिलाड़ी दिखाएंगे दम

भिलाई। युवा खिलाड़ियों को एथलेटिक्स में आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को खेलगांव खम्हरिया में डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट निडजाम का आयोजन किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुर्ग, संकल्प स्पोर्ट्स एंड कल्चर एसोसिएशन तथा बीएसपी एथलेटिक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को नवंबर में आयोजित होने वाली इंटर डिस्ट्रिक्ट राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव जी. रवि राजा ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्धारित जन्मतिथि के अनुसार पात्र खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अंडर-14 वर्ग में 17 नवंबर 2012 से 16 नवंबर 2014 के बीच जन्मे बालक-बालिकाएं हिस्सा ले सकेंगे। वहीं, अंडर-16 वर्ग के लिए जन्मतिथि संबंधी पात्रता के अनुसार खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी बालक दास डहरे, अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी बिसौहा राम साहू तथा दुर्ग डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव जी. रवि राजा से संपर्क कर सकते हैं।

अंडर-14 और 16 वर्ग में विभिन्न स्पर्धाएं : अंडर-14 बालक और बालिका वर्ग में तीन अलग-अलग ट्रायथलॉन संयोजन रखे गए हैं। इनमें 60 मीटर दौड़, पांच मीटर अप्रोच के साथ लंबी कूद और सीजर तकनीक से ऊंची कूद शामिल है। दूसरे संयोजन में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और एक किलोग्राम के शॉट पुट से बैक थ्रो होगा। तीसरे संयोजन में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद और 600 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। अंडर-16 बालक वर्ग में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद और भाला फेंक जैसी स्पर्धाएं निर्धारित हैं। इसके अलावा पेंटाथलॉन में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद, चार किलोग्राम गोला फेंक और 600 मीटर दौड़ शामिल हैं। अंडर-16 बालिका वर्ग में बाधा दौड़, तीन किलोग्राम गोला फेंक, 500 ग्राम भाला फेंक और पेंटाथलॉन सहित विभिन्न स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर आगे की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने का अवसर मिलेगा।

गूंजेगा मां दुर्गा का जयकारा, आकर्षक पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर

कार्नर न्यूज

सालभर का इंतजार खत्म, कल से शुरू होगा बंगाली समाज का महापर्व

भिलाई। बंगाली समुदाय के सबसे बड़े और प्रमुख त्योहार दुर्गा पूजा को लेकर दुर्ग-भिलाई में उत्साह चरम पर है। 16 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर को विजया दशमी तक चलने वाले इस पर्व की तैयारियां शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में जोर-शोर से चल रही हैं। कहीं भव्य पंडाल तैयार किए जा रहे हैं, तो कहीं मां दुर्गा की प्रतिमा और पूजा स्थल को आकर्षक रूप देने में कारीगर जुटे हुए हैं। दुर्गा पूजा बंगाली समाज के लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और पारिवारिक मिलन का भी महापर्व है। सालभर इस त्योहार का इंतजार करने वाले लोग मां दुर्गा के आगमन को लेकर खासे उत्साहित हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले और विदेशों में बसे कई बंगाली परिवार भी अपने घर लौटकर परिजनों के साथ इस पर्व को मनाने की तैयारी करते हैं। शहर के विभिन्न बंगाली दुर्गा पूजा पंडालों में इन दिनों तैयारियों की रफ्तार तेज हो गई है। बंगाल से आए कारीगर पंडालों को आकर्षक और भव्य स्वरूप देने में जुटे हैं। सजावट, रोशनी और पूजा स्थल को अंतिम रूप देने का काम लगातार जारी है। आयोजक समितियां भी व्यवस्था, धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों में लगी हुई हैं।





बच्चों से बुजुर्गों तक, सभी में उत्साह

दुर्गा पूजा को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। पूजा के दिनों में पंडालों में दर्शन, पारंपरिक रीति-रिवाज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आपसी मेल-मिलाप से माहौल उत्सवमय हो उठता है। बंगाली समाज के लिए यह पर्व अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी है। मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियों के बीच भिलाई के बंगाली बहुल क्षेत्रों में अब त्योहार की रौनक बढ़ने लगी है। सभी को इंतजार है उस पल का, जब पंडालों में मां दुर्गा विराजेंगी और पूरा शहर भक्ति, उल्लास और उत्सव के रंग में रंग जाएगा।

पंचांग के अनुसार दो दिन मनाई जाएगी दुर्गा सप्तमी



बंगाली समाज में दुर्गा पूजा को लेकर इस साल एक खास स्थिति देखने को मिल रही है। पंचांग में इस वर्ष महासप्तमी को लेकर 17 और 18 अक्टूबर, दोनों तारीखों का उल्लेख किया जा रहा है। पं. निताई चांद चक्रवर्ती ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस वर्ष सप्तमी तिथि 17 अक्टूबर, शनिवार की सुबह लगभग 4 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी और 18 अक्टूबर, रविवार की सुबह लगभग 5 बजकर 53 मिनट तक रहेगी। यानी सप्तमी तिथि दो कैलेंडर तारीखों तक व्याप्त है। इसी वजह से अलग-अलग पंचांगों और पूजा परंपराओं के अनुसार सप्तमी के अनुष्ठानों की तारीख में अंतर है। 21 अक्टूबर को मां दुर्गा को विसर्जित किया जाएगा। बंगाली दुर्गा पूजा में महासप्तमी के दिन नवपत्रिका स्नान, जिसे कोला बोउ स्नान भी कहा जाता है और देवी की विशेष पूजा का महत्व होता है।

सिटी स्पोर्टस

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में रायगढ़ और सरगुजा के बीच रोमांचक मुकाबला



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत कवर्धा में बुधवार को रायगढ़ और सरगुजा के बीच कड़ा मुकाबला रहा। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए रायगढ़ की टीम ने सरगुजा को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 262 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित मिश्रा ने नाबाद 48 रन, हार्दिक वालेचा ने 51 रन और अंकुश ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में भी रायगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें अंकित मिश्रा और आरव नायक ने 4-4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की पूरी टीम 112 रन पर ही सिमट गई। सरगुजा की तरफ से बल्लेबाजी में मानस सिंह ने नाबाद 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में सरगुजा के लिए निर्मल राय ने 4 और नैमुल्ला चिश्ती ने 3 विकेट हासिल किए, लेकिन अंततः रायगढ़ ने यह मुकाबला 150 रनों के अंतर से अपने नाम कर लिया।

ऑल इंडिया ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स के लिए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी तैयार



रायपुर। छठवीं ऑल इंडिया ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन जयपुर के प्रसिद्ध सवाई मान सिंह स्टेडियम में 16 से 18 अक्टूबर के मध्य होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से 14 सदस्यीय दल का चयन किया गया है। आधिकारिक सूची में 1 महिला एथलीट और 13 पुरुष एथलीट शामिल हैं, जो विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों में महिला वर्ग से तारनिका टेटा का चयन हुआ है। वहीं पुरुष वर्ग में राहुल, इरशाद अहमद, अनिरुद्ध बिस्वास, अमित कुमार, दिग्नेश्वर कुमार, नोमेश कुमार चंद्राकर, मनोज कुमार ठाकुर, भूपेश मंडावी, सौरभ पाल, ओम प्रकाश यादव, गौरव रावल, मोहित शर्मा और नैतिक सोनकर शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के इन खिलाड़ियों के चयन से राज्य के खेल जगत में खासा उत्साह है।

साफ्ट टेनिस में छत्तीसगढ़ की महिला टीम को रजत पदक



रायपुर। जम्मू और कश्मीर में 5 से 10 अक्टूबर के मध्य आयोजित 21वीं जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद गुजरात की टीम ने छत्तीसगढ़ को टाई-ब्रेकर में 7-5 से पराजित किया, जिसके चलते छत्तीसगढ़ की टीम रनर-अप (उपविजेता) रही। इस शानदार उपलब्धि में टीम की खिलाड़ी चंचल सारथी, प्रेरणा फरिकार, संजना फरिकार, रिया सोनकर, यामिनी निषाद, एल्फी जोसेफ, अंजली सिन्हा और रंजना चौहान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टीम का मार्गदर्शन कोच रीमा राय और मैनेजर दिलीप विश्वकर्मा ने किया। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत डबल्स स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की ओर से चंचल और रंजना की जोड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

नेशनल ओपन एथलेटिक्स में छत्तीसगढ़ की संकीर्तना ने जीता ब्रोंज मेडल



रायपुर। नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई 65वी नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ की संकीर्तना ने भाग लेते हुए 800 मिटर इवेंट में ब्रॉन्ज मेंडल अपने नाम किया। संकीर्तना पहले भी कई इन्टरनेशनल एवम नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी है। संकीर्तना वर्तमान में वन विभाग में वनरक्षक के पद पर कार्यरत है। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, एथलेटिक्स खेल के पदाधिकारी जी एस बामरा , परविंदर सिंह ग्रेवाल , आदित्य सिंह ठाकुर, रितिका सिंह , रवि धनगर , सुनील नायर , अनिरुद्ध सुना ने हर्ष जताया है।

टूर्नामेंट के भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का रोमांच 21 से, पहले सीज़न के लिए छह टीमों के अंतिम स्क्वॉड की हुई घोषणा

रायपुर। खेल और युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित पहली छत्तीसगढ़ हॉकी लीग (सीएचएल) के लिए सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों का चयन पूरा हो चुका है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। इस आयोजन के साथ ही प्रतियोगिता के लिए टीम लाइन-अप की प्रक्रिया पूरी हो गई है।



दिग्गज मार्की खिलाड़ियों के हाथों में टीमों की कमान

लीग के पहले सीज़न को अधिक प्रतिस्पर्धी और रोमांचक बनाने के लिए देश के नामचीन खिलाड़ियों को मार्की प्लेयर के रूप में शामिल किया गया है। सुरेंद्र कुमार न्यायधानी नाइट्स की, प्रदीप मोर मैनपाट टाइटन्स की, एसवी सुनील चक्रधर चैंपियंस की, ललित कुमार उपाध्याय राजधानी रॉयल्स की, शमशेर संस्कारधानी स्ट्राइकर्स की और चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम बैलाडीला बुल्स की कमान संभालेंगे।

अनुभवी मुख्य कोचों का मार्गदर्शन

न्यायधानी नाइट्स के मुख्य कोच रजनीश मिश्रा, मैनपाट टाइटन्स के राजिंदर सिंह जूनियर, चक्रधर चैंपियंस के देवेश चौहान, राजधानी रॉयल्स के अजितेश रॉय, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स के अजय कुमार और बैलाडीला बुल्स के मुख्य कोच मोहम्मद रियाज़ होंगे।

न्यायधानी नाइट्स



सुरेंद्र कुमार (मार्की), राहुल ठाकुर, मोहम्मद अनीश रजा, लवी मानिकपुरी, अमित टोप्पो, अश्विन कुजूर, रोहित रजक, सागर सूर्यवंशी, सैय्यद समीर अली, कश्मीर मिंज, अभिजीत श्रीवास, सोनू निषाद, सुखवेद निर्मलकर, शादाब अहमद खान, अरबाज अली, ओम रुद्र नामदेव, अमन वर्मा, आदर्श राज सिंह, प्रिंस महतो, केतन कुशवाहा, रोहित कुल्लू, चिराग।

मैनपाट टाइटन्स

प्रदीप मोर (मार्की), अल्फ़ाज़ खान, सौर्य वर्मा, अजय तांडी, रेहान खान, प्रवीण यादव, साहिल ज़ाक्सा, मोहित नायक, अर्पण टोप्पो, आदित्य मेश्राम, अकविनाश तिग्गा, नरेंद्र निषाद, संदीप ठाकुर, प्रिंस भगत, राहुल पन्नू, प्रांजल यादव, नेहल बरेठ, मनीष वट्टी, दक्ष चौबे, प्रह्लाद, आनंद लकड़ा, अवि मानिकपुरी।

चक्रधर चैंपियंस

एसवी सुनील (मार्की), असीम हंश, वैभव सिंह चंदेल, विष्णु यादव, अविनाश तिर्की, करण कुमार साहू, अर्जुन यादव, प्रेम राव, मोहित कश्यप, अनुज जाल्क्सो, शैलेन्द्र वर्मा, गगन बाकवाले, खोगेश्वर बाघ, कार्तिक यादव, हार्दिक आहूजा, भेद चौरे, भावेश धनकड़, मनीष मौर्य, बलदेव कवासी, युवराज वाल्मिकी, परमप्रीत, अद्रोहित एक्का।

राजधानी रॉयल्स

ललित कुमार उपाध्याय (मार्की), हिमांशु मलिक, विनोद यादव, जुनैद अहमद, संदीप यादव, सुमित मिंज, तौफिक अहमद, अनिकेत कुजूर, ओंकार यादव, अविनाश एक्का, श्रेयांश चौरसिया, योगेश मेश्राम, जुबैर मोहम्मद, खुशाल यादव, कुणाल सेंद्रे, योगेश यादव, चिंता राम, अर्पण लकड़ा, पीयूष कुमार साहू, संजीत तिर्की, प्रेमचंद सोय, रौशन कुमार।



संस्कारधानी स्ट्राइकर्स

शमशेर (मार्की), आदित्य कुमार नेताम, रोशन राजपूत, झकमक लकड़ा, मानस पटेल, सोमदेव सूर्यवंशी, निशांत तिर्की, तरूण यादव, जीतू हेमला, कुशल यादव, सोमनाथ यादव, मुहुर्त कौशिक, ओम कुमार यादव, प्रकाश पटेल, सारिख अहमद, मुनीस्वर कुमार, महेंद्र सिंह नाग, अभिषेक यादव, आयुष साहू, आर्यन क्सेस, शाहरुख, आशीष तानी पूर्ति।

बैलाडीला बुल्स

चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम (मार्की), दलेश्वर यादव, संतोष मौर्य, रोबित एक्का, गुलशन कौशिक, प्रह्लाद तांडी, आनंद सूर्यवंशी, निहाल हुसैन, विशाल किस्पोट्टा, चन्द्रशेखर कुसवाहा, प्रभात सिंह, प्रीतम कुजूर, गणेश यादव, आदित्य मेरावी, करण वर्मा, तोमन साहू, हिमेश बंशोद, गोपाल पैकरा, अमन नाग, जसकरण सिंह, राहुल यादव, करण धानुक।

26वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता आज से

रायपुर। राजधानी रायपुर एक बार फिर राज्य की उदीयमान खेल प्रतिभाओं के समागम का गवाह बनने जा रही है। जिला प्रशासन रायपुर एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 26वीं राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक रायपुर में किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के पाँचों संभागों—रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर—से आए खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

900 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी होंगे शामिल

इस राज्यस्तरीय खेल स्पर्धा में प्रदेशभर से लगभग 750 होनहार खिलाड़ी और उनके साथ 150 खेल अधिकारी, कोच व निर्णायकों का दल रायपुर पहुंच रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन पूरी तरह से नॉक-आउट पद्धति के आधार पर किया जाएगा, जिससे हर मुकाबला बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है। सहायक जिला खेल अधिकारी श्रीमती छाया प्रकाश राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, सहकारिता और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है, ताकि राज्य की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार किया जा सके।



चार प्रमुख खेलों में विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाएँ

प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका वर्गों में चार प्रमुख खेलों की विभिन्न आयु श्रेणियों में स्पर्धाएँ आयोजित की जाएंगी। ताइक्वांडो में बालक एवं बालिका वर्ग के 14 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। साइकिलिंग स्पर्धा में बालक व बालिका वर्ग के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु समूह के खिलाड़ी अपनी गति का प्रदर्शन करेंगे। वहीं हॉकी में केवल 14 वर्ष आयु वर्ग के बालकों के बीच मुकाबले होंगे। इसके अलावा रोलर स्केटिंग में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के लिए 11, 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु समूह की स्पर्धाएँ आयोजित की जाएंगी।

राज्य स्तरीय स्क्वैश में रायपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्क्वैश एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब-जूनियर स्क्वैश प्रतियोगिता का 13 अक्टूबर को भव्य समापन हुआ। 11 से 13 अक्टूबर तक चली इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश के 14 अलग-अलग जिलों से आए 156 होनहार खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में अपना बेहतरीन कौशल दिखाया। 11 वर्ष से कम (सब-जूनियर): रायपुर के ऋषभ धीवर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (के.सी.जी.) के भव्यराज किशोर को सीधी गेमों में 11-3, 11-5, 11-6 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 13 वर्ष से कमः रायपुर के सूर्यांश कुमार ने अपने ही शहर के ईशभ सुराना को एकतरफा मुकाबले में 11-2, 11-0, 11-2 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। 15 वर्ष से कमः सूर्यांश कुमार (रायपुर) ने अपनी लय बरकरार रखते हुए एक और कड़े मुकाबले में रायपुर के ही अपूर्व साहू को 12-10, 8-11, 11-4, 11-6 से हराकर दोहरा खिताब हासिल किया। 17 वर्ष से कमः राजनांदगांव के तनय साहू ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए अपनी ही जिले के उद्यम देवांगन को 12-10, 11-2, 11-4 से शिकस्त दी। 19 वर्ष से कम (जूनियर): रायपुर के जयवर्धन राजेंद्रचंपतराय ने धमतरी के सूर्या कुमार को 11-0, 11-0, 11-0 से हराकर एकतरफा जीत के साथ चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबलों के परिणाम

13 वर्ष से कमः दुर्ग की तिथि जैन ने अपनी ही जिले की हर्षिता मरकंडे को 11-6, 12-10, 11-6 से हराकर विजय हासिल की। 15 वर्ष से कमः रायपुर की योगिता ठाकुर ने धमतरी की तामेश्वरी वट्टी को 11-6, 11-3, 11-3 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। 17 वर्ष से कमः योगिता ठाकुर (रायपुर) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रायपुर की तनया केलकर को 11-6, 11-7, 11-6 से हराकर प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। 19 वर्ष से कमः रायपुर की कृतिका बंजारे ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए रायपुर की छाया को 11-3, 11-2, 11-2 से मात दी।



बस्तर के नन्हे सितारों ने मलेशिया में फहराया तिरंगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल बस्तर-दंतेवाड़ा से एक नए शतरंज सितारे का उदय हुआ है। मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ स्कूल्स शतरंज चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दंतेवाड़ा के दो नन्हे भाई-बहन इरा अर्नि रांगनाथा और वेद अर्का रांगनाथा ने अपनी रणनीतिक चालों से राज्य और देश का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जिसमें बस्तर की इस नन्हीं प्रतिभा का योगदान ऐतिहासिक रहा।

5 वर्ष की उम्र में ऐतिहासिक उपलब्धि और अंतरराष्ट्रीय सम्मान

मात्र 5 वर्ष की आयु में इरा अर्नि रांगनाथा ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज जगत में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की खिलाड़ियों में से एक बन गई हैं।



प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा, सिंगापुर, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया सहित 15 से अधिक राष्ट्रमंडल देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इरा ने अपनी अद्भुत एकाग्रता का परिचय देते हुए बालिका अंडर-7 रैपिड वर्ग में 6 में से 3.5 अंक हासिल कर छठा स्थान प्राप्त किया। इस असाधारण प्रदर्शन के लिए कॉमनवेल्थ चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने इरा को स्वयं 'यंगेस्ट स्टार ऑफ द टूर्नामेंट' के विशेष सम्मान से नवाजा।

राष्ट्रीय स्तर पर भी सबसे कम उम्र की प्रतिभागी बनने का रिकॉर्ड

इरा का यह सफर यहीं से शुरू नहीं हुआ, बल्कि इससे पूर्व वर्ष 2025 में गुवाहाटी में आयोजित नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप (अंडर-7 बालिका वर्ग) में उन्होंने मात्र 4 वर्ष की उम्र में हिस्सा लिया था। उस समय भी वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता के इतिहास में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की प्रतिभागी बनी थीं। इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार सफलता हासिल करना उनकी असाधारण प्रतिभा और शतरंज के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

भाई वेद अर्का रांगनाथा का ब्लिट्ज़ और क्लासिकल में दबदबा

इसी कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में इरा के भाई वेद अर्का रांगनाथा ने भी अंडर-7 बालक वर्ग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वेद ने प्रतियोगिता के दो कठिन प्रारूपों—ब्लिट्ज़ और क्लासिकल—दोनों में ही शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाई। अलग-अलग प्रारूपों में उनका यह संतुलित और सटीक प्रदर्शन उनकी एकाग्रता तथा उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को साबित करता है।

बस्तर के आदिवासी अंचल में 'शतरंज क्रांति' की शुरुआत

दंतेवाड़ा-बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली यह सफलता पूरे अंचल में एक शांत क्रांति ला रही है। जिस क्षेत्र के स्कूलों और गांवों में कभी शतरंज की बिसात दुर्लभ हुआ करती थी, वहां अब इरा और वेद की यह उपलब्धि सैकड़ों बच्चों और बालिकाओं को प्रेरित कर रही है। यह सफलता स्थानीय युवाओं को अनुशासन, मानसिक एकाग्रता और रणनीतिक सोच अपनाने का नया रास्ता दिखा रही है।

कार्नर न्यूज

साइकिल पोलो में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया सांसद बघेल ने

जूनियर एथलेटिक में दम दिखाया खिलाड़ियों ने सम्मानित किए 55 हजार के नकद इनाम से

भिलाई। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के दिशा-निर्देशानुसार दुर्ग जिला एथलेटिक एसोसिएशन एवं प्रायोजक उत्थान एथलेटिक्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 में दुर्ग जिला स्तरीय अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक-बालिका नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के. श्रीनिवास ने बताया कि इस भव्य आयोजन में जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए युवा खिलाड़ियों ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया और दौड़, बाधा दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक तथा संयुक्त एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जी. सुरेश, विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र सतपति तथा उत्थान एथलेटिक्स वेलफेयर एसोसिएशन से दीपक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-16 बालक वर्ग में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ी उत्कृष्ट रहे, जिसमें 60 मीटर दौड़ में तुषार सिंह, 600 मीटर दौड़ में प्रमोद, 80 मीटर बाधा दौड़ में तुषार सिंह, लंबी कूद में भीषम, ऊँची कूद में अंशू, गोला फेंक में प्रमोद, भाला फेंक में लिमेश तथा पेंटाथलॉन स्पर्धा में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसी प्रकार अंडर-16 बालिका वर्ग में भी युवा प्रतिभाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें 60 मीटर दौड़ में खेमिन, 600 मीटर दौड़ में छवि, 80 मीटर बाधा दौड़ में सुजीता यादव, लंबी कूद में खेमिन, ऊँची कूद में सुजाता यादव, गोला फेंक में अर्शी साव, भाला फेंक में पूर्वी यादव और पेंटाथलॉन स्पर्धा में छवि ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा अंडर-14 वर्ग के अंतर्गत ट्रायथलॉन 'ए' बालक वर्ग में अमेय देशमुख और बालिका वर्ग में रेनुका यादव पहले स्थान पर रहे। ट्रायथलॉन 'बी' में बालक वर्ग से अमन और बालिका वर्ग से महक ने बाजी मारी, जबकि ट्रायथलॉन 'सी' में बालक वर्ग से कुंदन बार्ले और बालिका वर्ग से पूनम निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रायोजक उत्थान एथलेटिक्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कुल 55,000 रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। इसके तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 1,000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वालों को 750 रुपये तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपये की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साइकिल पोलो में राष्ट्रीय विजेता बनकर लौटीं छत्तीसगढ़ की बेटियों का हुआ सम्मान



श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित 16वीं महिला एवं 20वीं पुरुष फेडरेशन कप साइकिल पोलो प्रतियोगिता में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर लौटीं छत्तीसगढ़ की विजेता महिला टीम और चौथे स्थान पर रही पुरुष टीम के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। साइकिल पोलो मैदान में आयोजित इस समारोह में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं मुख्य संरक्षक विजय बघेल तथा भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व सेफी के चेयरमैन नरेंद्र बंछोर ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रदेश में साइकिल पोलो के विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया की एडहॉक कमेटी के चेयरमैन विनायक राव चन्नावार और परविंदर सिंह ग्रेवाल ने प्रतियोगिता के नतीजों की जानकारी दी।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

'गेम ऑफ थ्रोन्स: एगॉन कॉन्क्वेस्ट'से बड़े पर्दे पर गूँजेगी गाथा, 2029 में देगी बड़े परदे पर दस्तक



वेब सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया था। अब यह फ्रेंचाइजी जल्द 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगॉन कॉन्क्वेस्ट' नाम से फीचर फिल्म के तौर पर रिलीज होने जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को 6 जून 2029 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में सदियों पुराने राजाओं के संघर्ष की कहानी दिखाई गई थी। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगॉन कॉन्क्वेस्ट' भी एक बड़े राजनीतिक ड्रामे पर आधारित होगी। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी कहानी के बारे में ज्यादा खुलासे नहीं किए गए हैं, लेकिन यह टार्गेरियन राजवंश के संस्थापक एगॉन प्रथम टार्गेरियन और उनके द्वारा वेस्टरोस पर विजय प्राप्त करने की गाथा पर आधारित है। एगॉन प्रथम वेस्टरोस के पहले टार्गेरियन राजा थे और उन्होंने ही उस विजय अभियान की शुरुआत की जिसने इस महाद्वीप का पूरा स्वरूप बदल दिया। अपने ड्रैगन 'बैलेरियन द ब्लैक ड्रेड' पर सवार होकर, एगॉन अपनी बहनों और पत्नियों—विसेन्या और रेनीस के साथ युद्धरत राज्यों को टार्गेरियन शासन के अधीन लाने के लिए निकले थे। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' श्रृंखला की घटनाएं कई सदियों पहले की हैं, जो एचबीओ पर आठ सीजन तक चलीं और इसी से प्रेरित होकर 'ए हाउस ऑफ द ड्रैगन' और 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स' जैसे स्पिन-ऑफ शो भी बने। 'गेम ऑफ थ्रोन्सः एगॉन कॉन्क्वेस्ट' का निर्देशन ओवेन हैरिस करेंगे। इससे पहले उन्होंने एचबीओ के 'ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स' के एपिसोड्स का भी निर्देशन किया था। वहीं, इस फिल्म की पटकथा ब्यू विलमन ने लिखी है और इसका निर्माण वार्नर ब्रदर्स कर रहे हैं। फिलहाल फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

टॉलीवुड

अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ बागी बने विजय एक्शन से भरपूर 'रणबाली'का ट्रेलर रिलीज



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की मुख्य भूमिका वाली बहुचर्चित तेलुगु पीरियड ड्रामा फिल्म 'रणबाली' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों की तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेलर में ब्रिटिश साम्राज्य के अधिकारियों द्वारा भारत के आम लोगों पर किए जाने वाले दमन और उसके बाद भारतीयों में सुलगते विद्रोह की कहानी को दिखाया गया है।

लगभग 4 मिनट के इस रोमांचक ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे अंग्रेज भारत के लोगों पर जुल्म ढाते हैं। भारतीय उनकी गुलामी करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बुनियादी जरूरतों तक से मह रखा जाता है। अंग्रेजों के इन अत्याचारों से तंग आकर विजय देवरकोंडा 'रणबाली' के रूप में बागी बनते हैं और अंग्रेजों से लोहा लेते हैं। ट्रेलर के अंत में अंग्रेजों और भारतीयों के बीच एक भीषण संघर्ष की झलक देखने को मिलती है।

इस फिल्म के निर्देशक राहुल सांकृत्यायन हैं। इसमें रश्मिका मंदाना ने 'जयाम्मा' का किरदार निभाया है, जबकि विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका यानी 'रणबाली' के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म रायलसीमा के एक काल्पनिक गांव 'सिंगानामाला' की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म आगामी 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शादी के बाद यह जोड़ी पहली बार पर्दे पर साथ नजर आने वाली है, जिससे फैंस में भारी उत्साह है। इससे पहले दोनों ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' में साथ काम कर चुके हैं।

भोजपुरी

रियलिटी शो में छलका काजल का दर्द जिंदगी के मुश्किल दौर का किया खुलासा

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री काजल राघवानी इन दिनों अपने चर्चित रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' को लेकर सुर्ख़ियों में बनी हुई हैं। शो के दौरान काजल ने अपने जीवन से जुड़ा एक ऐसा कड़वा सच सबके सामने रखा, जिसे सुनकर वहाँ मौजूद सभी लोग स्तब्ध रह गए। उन्होंने खुलकर बताया कि अपनी जिंदगी के एक बेहद कठिन और काले दौर में उन्होंने खुद की जान लेने की कोशिश की थी। घटना का जिक्र करते हुए शो की एक अन्य प्रतिभागी निहारिका तिवारी ने जब काजल की कलाई पर कट का निशान देखा और उसके बारे में पूछा, तो काजल ने स्वीकार किया कि उन्होंने सुसाइड के इरादे से अपनी कलाई की नस काट ली थी। उनकी यह बात सुनकर साथी प्रतिभागी मनीष कश्यप ने हैरानी जताते हुए कहा कि वह तो इंजेक्शन से भी डरते हैं, जबकि लड़कियां इतना बड़ा कदम उठा लेती हैं। मनीष ने सलाह दी कि प्यार चाहे कितना भी गहरा हो, लेकिन अगर कोई भूलना चाहे तो उसे भूल जाना ही बेहतर है। काजल ने आगे स्पष्ट किया कि उन्होंने यह कठोर कदम किसी के छोड़ने या प्यार में मिले धोखे की वजह से नहीं, बल्कि अपनी चरम मानसिक स्थिति से तंग आकर उठाया था। उस दौर के मानसिक तनाव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे दौर से गुजर रही थीं, जहाँ न तो उन्हें दुनिया समझ आ रही थी और न ही जीने की कोई इच्छा बाकी बची थी। गौरतलब है कि काजल इससे पहले भी इस शो में अपने मुश्किल रिश्तों और भावनात्मक संघर्षों पर खुलकर बात कर चुकी हैं। पूर्व प्रतिभागी अनीस भगत से बातचीत के दौरान उन्होंने अपने एक पुराने रिश्ते में मिली प्रताड़ना का जिक्र करते हुए बताया था कि जिस व्यक्ति से उन्होंने बेइंतहा प्यार किया, उसी ने उन्हें ज़मीन पर पटककर लातों से मारा और उनके बाल तक खींचे थे।





मशहूर डिजाइनर'तरुण तहिलियानी के कलेक्शन पर आधारित किताब हाल ही में लांच हुई है। इस दौरान उनका शो भी हुआ, जिसमें मॉडल ने उनके डिजाइन को खूबसूरती से पेश किया। एक डिज़ाइनर के तौर पर तहिलियानी की मुख्य सोच—जो ग्लोबल दर्शकों के लिए अतीत और वर्तमान के बीच के फ़र्क और जुड़ाव को लगातार तलाशती रहती है और बारीक नक्काशी वाले शानदार कपड़े व नए अंदाज़ में भारतीय ड्रेप्स पेश करती है—इस किताब के पन्नों में बहुत खूबसूरती से दिखाई गई है। रइंडिया मॉडर्नर देश की फ़ैशन की दुनिया में तहिलियानी का दिया हुआ एक लोकप्रिय शब्द है।

पार्लर जाने की जरूरत नहीं, मिनटों में ऐसे करें परफेक्ट आई मेकअप



फटाफट आई मेकअप करने के लिए सबसे पहले सारे सामान को एक जगह इकठ्ठा कर लें। फिर सबसे पहले अपनी आंखों पर कंसीलर अप्लाई करें। अब जिस भी कलर का आउटफिट आपको वियर करना है, उस कलर को ब्रश में लें। इसे सीधा अप्लाई नहीं करना है; सही तरीके से लगाने के लिए आपको कॉटन पैड लेना है।

इसे कोन डिजाइन में फोल्ड करें। फिर इसे लीड पर रखें। अब ब्रश की मदद से आईशैडो लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपको कैट आई मेकअप करना है, तो उसी तरीके से कॉटन पैड को लगाना होगा, फिर ब्रश की मदद से कलर को अप्लाई करना होगा। इसके बाद लाइनर लगाएं और पलकों को घनी करने के लिए मस्कारा अप्लाई करें। इस तरीके से कुछ ही सेकंड में आपका आई मेकअप परफेक्ट हो जाएगा। इसके बाद आपको किसी भी तरह के ब्रश या फिर पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप ग्लिटर आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। स्मोकी आई मेकअप लुक भी आप क्रिएट कर सकती हैं। रेड आई मेकअप लुक भी करवा चौथ पर काफी अच्छा लगेगा। सिंपल आई मेकअप लुक भी आप ट्राई कर सकती हैं।

ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि ज़्यादा ज़ोर से रगड़ने से आपकी आँखों और पलकों के आसपास की संवेदनशील त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है। इसलिए, आँखों का मेकअप हटाते समय ज़्यादा ज़ोर से रगड़ना जरूरी नहीं है। इसके अलावा, आप लंबे समय तक टिकने वाले, पानी प्रतिरोधी आई मेकअप की जगह आसानी से हटाए जा सकने वाले या धोने योग्य मेकअप का इस्तेमाल कर सकती हैं। कुछ आई प्रोडक्ट्स, खासकर नकली पलकें या ग्लिटर वाला आई मेकअप, आँखों के लिए खास तौर पर परेशान करने वाला हो सकता है। अगर आपको आँखों में जलन हो रही है, तो यह जरूरी है कि आप सूखी आँखों को इसकी वजह न समझें। हमारी सूखी आँखों के मूल्यांकन और उपचार के बारे में जानें।

हर चीज़ को सावधानी से संभालें

अपनी आंखों का मेकअप हटाने के लिए, सबसे पहले संवेदनशील आंखों के लिए तैयार किए गए आई मेकअप रिमूवर का उपयोग करें, या प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का उपयोग करें। सबसे पहले, एक कॉटन पैड को हल्के आई मेकअप रिमूवर में भिगोएँ और उससे अपनी आँखों के आस-पास के हिस्से को अच्छी तरह साफ़ करें। इससे भी बेहतर होगा कि रिमूवर को पहले कुछ सेकंड के लिए लगा रहने दें। इससे आपका आई मेकअप, यानी

त्योहार-शादियों के सीजन के लिए तैयार कराएं ट्रेंडी और खूबसूरत लहंगे



इन दिनों नवरात्रि का माहौल है और कुछ दिनों बाद त्यौहारों के साथ-साथ शादियों का माहौल भी शुरू होने वाला है। लोग नए-नए कपड़े खरीदते हैं और पारंपरिक तरह से तैयार होते हैं। अगर बात करें महिलाओं की, तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप इस खास मौके के लिए बेहतरीन लहंगा तैयार करा सकती हैं। आज आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिससे आप भी महफिल में अपना जलवा दिखा सकती हैं।



फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं, तो खास डिजाइन वाला फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में बेहद स्टाइलिश और आधुनिक लुक देता है।



हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा

यह स्टाइलिश लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत दिखने के साथ-साथ अपना ग्लैमरस अंदाज भी बखूबी दिखा सकती हैं।

पीले रंग का लहंगा देगा आकर्षक लुक

पीले रंग का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। मॉडल के साथ ये लहंगा लुक देखने में बेहद प्यारा लग रहा है। आप भी इसी तरह का डिजाइनर लहंगा बनवा सकती हैं।

सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है, तो ये आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा काफी चलन में है। ये देखने में बेहद प्यारा और शाही लुक देता है। अगर आप लहंगे के साथ इंडो-वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं, तो यह खास लहंगा एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए आपको लहंगे के दुपट्टे को एक खास और नए अंदाज में कैरी करना होगा।

फेस्टिव सीजन के लिए स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइन्स वाले एथनिक को-ऑर्ड सेट

नवरात्रि, दीवाली और आगे आने वाले शादियों-पार्टियों के मौके पर हर महिला सबसे खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिखना चाहती है। वैसे तो बाजार में साड़ियों और लहंगों के ढेरों विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अगर आप इस फेस्टिव सीजन कुछ नया, आरामदायक और ट्रेंडी ट्राई करना चाहती हैं, तो इंडो-वेस्टर्न को-ऑर्ड सेट आपके लिए एकदम परफेक्ट ऑप्शन हैं।

फ्यूजन को-ऑर्ड सेट के साथ फ्लोरल प्रिंटेड श्रग

त्यौहारों के रंग में ढलने के लिए फ्यूजन को-ऑर्ड सेट के साथ प्रिंटेड श्रग एक शानदार चॉइस है। यह आपको कई बेहतरीन कलर ऑप्शंस में मिल जाएगा। इसके साथ पेयर किया गया फ्लोरल प्रिंटेड श्रग पूरे लुक में चार चांद लगा देता है। यह आउटफिट आपको लगभग 2,000 की रेंज में आसानी से मिल जाएगा। इसके साथ ट्रेडिशनल झुमके पहनें और पैरों में खूबसूरत मोजरी मैच करें।



ट्रेंडी प्रिंटेड क्रॉप टॉप और प्लाजो को-ऑर्ड सेट

अगर आप सिंपल और एलिगेंट दिखना चाहती हैं, तो क्रॉप टॉप और प्लाजो वाला प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। शाही अंदाज पाने के लिए आप रेड कलर के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। बाजार में यह 1,500 से 2,000 के बीच आसानी से मिल जाता है।

हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए जरूरी है सही ब्रश

सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे, तो इससे आपका पूरा मेकअप बिगड़ सकता है।

फाउंडेशन ब्रश

लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और एक समान फ्लॉलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसके ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।

फैन ब्रश

जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है, तो यह ब्रश उसे आसानी से हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन (पंखे) की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश कहा जाता है।

आईशैडो ब्रश

अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है, तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं, ऐसे में इन्हें अपने मेकअप कलेक्शन में जरूर शामिल करें।



लिप ब्रश

सही से और करीने से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे अपने मेकअप बैग में जरूर रखें। यह ज्यादा मोटा नहीं होता है, जिससे लिपस्टिक लगाने में काफी आसानी होती है।

आईलाइनर ब्रश

सही तरीके से आईलाइनर लगाने के लिए आपको इस ब्रश की बहुत जरूरत पड़ने वाली है। इस ब्रश में सिलिकॉन के काफी महीन ब्रिसेल्स होते हैं।

कार्नर न्यूज

जानिए पुरुषों के लिए बेहतरीन फैशन टिप्स

कार्गो पैंट्स को करें ऐसे स्टाइल, लोग फिदा हो जाएंगे आपकी अदाओं पर

पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी थोड़ी कम होती है, लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए किसी खास का चुनाव करना होता है, जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी एकदम ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। ज्यादातर पुरुष इन्हें सिर्फ कैजुअल हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं, लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ सही मौके की नहीं, बल्कि बेहतरीन स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है।

मतलब अगर आपको कार्गो पहननी है, तो आपको स्टाइलिंग के कुछ खास विकल्पों को सीखना और समझना होगा, तभी आप बेस्ट रिजल्ट पा सकेंगे।

तीन तरह की कार्गो पैंट्स

आजकल क्लासिक यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बैट ट्राउजर्स काफी चलन में हैं।

स्लिम और स्ट्रेट कट का चुनाव

कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं, इस वजह से ये हर बॉडी टाइप पर सूट नहीं करती हैं। इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही हैं, लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आपका लुक खराब लगे। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से सही चुनाव करें।



फैब्रिक का रखें खास ध्यान

कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई, लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। कार्गो में हमेशा कॉटन या टवील मटीरियल सबसे ठीक रहता है। आप हमेशा इन्हीं में से चुनाव करें।

सही कॉम्बिनेशन और जैकेट

कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है, लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो आप अभी-अभी किसी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन ट्राई कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए, यह लुक आप पर बहुत जंचेगा। अगर गर्मी का मौसम है, तो इस वक्त ओवरसाइज़ टी-शर्ट और सफेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं।

कार्गो की खास विशेषताएं

एक बेहतरीन कार्गो पैंट में कुछ खास विशेषताएं होनी चाहिए, जैसे—प्लीटेड फ्रंट, बेहतरीन हेम और म्यूटेड अर्थी टोन (शांत रंग)।

टी-शर्ट के साथ बेहतरीन मेल

कार्गो पैंट्स के साथ शर्ट की जगह टी-शर्ट्स ज्यादा बेहतरीन लगती हैं। टी-शर्ट में भी चंकी क्रू-नेक टी-शर्ट कार्गो के साथ बहुत अच्छी लगती है। इसके अलावा टर्टल-नेक टी-शर्ट भी कार्गो के साथ काफी अच्छे से मैच होती है।



नवरात्रि के पाँचवें दिन की देवी

करुणा और ज्ञान की देवी माँ स्कंदमाता की आराधना

नवरात्रि का पाँचवाँ दिन माँ दुर्गा के पाँचवें स्वरूप माँ स्कंदमाता को समर्पित है। माँ स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता होने के कारण इस नाम से जानी जाती हैं। उनका स्वरूप मातृत्व, करुणा और ज्ञान का प्रतीक है। भक्त उनकी पूजा करके न केवल सांसारिक सुख पाते हैं बल्कि मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

माँ स्कंदमाता



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22k), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
• जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
• शॉप नं.-64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग
• बाजार चौक, कुम्हारी







दिव्य और ममतामयी है माँ स्कंदमाता का स्वरूप

नवरात्रि के पांचवें दिन माँ दुर्गा के पांचवें स्वरूप माँ स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। इन्हें भगवान कार्तिकेय अर्थात स्कंद की माता होने के कारण स्कंदमाता कहा जाता है। माँ का यह स्वरूप मातृत्व, प्रेम, करुणा और त्याग का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उनकी आराधना करने वाले भक्तों को सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

माँ स्कंदमाता सिंह पर विराजमान रहती हैं, इसलिए उन्हें सिंहवाहिनी भी कहा जाता है। वे कमल के आसन पर विराजित होने के कारण पद्मासना के नाम से भी पूजित हैं। उनका स्वरूप अत्यंत तेजस्वी, शांत और दिव्य है। माँ की चार भुजाएं हैं। उनकी दो भुजाओं में कमल पुष्प सुशोभित हैं, एक भुजा में बालरूप भगवान स्कंद विराजमान हैं, जबकि चौथी भुजा से वे भक्तों को अभय और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। उनकी गोद में विराजमान भगवान स्कंद शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। माँ का उज्ज्वल स्वरूप भक्तों के मन में सकारात्मकता और पवित्रता का भाव जगाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से उनका ध्यान करने से साधक को मानसिक शांति मिलती है और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आत्मबल प्राप्त होता है।

भगवान कार्तिकेय की माता हैं स्कंदमाता

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माँ स्कंदमाता भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय की जननी हैं। भगवान कार्तिकेय को स्कंद और देवसेनापति के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें देवताओं की सेना का नेतृत्व करने वाला प्रमुख योद्धा माना गया है।

पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि जब असुरों के अत्याचार बढ़ने लगे और देवताओं के सामने संकट उत्पन्न हुआ, तब भगवान कार्तिकेय ने देवसेना का नेतृत्व कर दुष्ट शक्तियों के विरुद्ध युद्ध किया। उनके पराक्रम और साहस ने धर्म की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कारण माँ स्कंदमाता के स्वरूप में मातृत्व के साथ वीरता, शक्ति और धर्मरक्षा का भाव भी समाहित है। माँ स्कंदमाता की पूजा में भक्त अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान के उज्ज्वल भविष्य और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा की कामना करते हैं। धार्मिक विश्वास है कि उनकी कृपा से साधक का मन निर्मल होता है और वह अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनता है।

मोक्षदायिनी स्वरूप की होती है आराधना

माँ स्कंदमाता को मोक्ष प्रदान करने वाली देवी भी माना जाता है। उनकी उपासना केवल सांसारिक सुखों की प्राप्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे आत्मिक शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम भी माना गया है। उनकी आराधना साधक को अहंकार, नकारात्मक विचारों और मोह-माया से ऊपर उठने की प्रेरणा देती है।

